## सार-समाचार

### हनुमान जन्मोत्सव मनाया




**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल, हिन्डोन द्वारा, स्थापना दिवस सेवा पखवाडा के तहत ''हनुमान जयंती'' के शुभावसर पर, हिन्डोन शहर के राजकीय जिला चिकित्सालय में सुबह 9 बजे मरीजों को फल वितरित कर सेवा पखवाडा मनाया गया। सन्योजक ओमप्रकाश गुप्ता(ढिंढोरा) ने बताया कि फल वितरन के दौरान चिकित्सालय के श्री पुष्पेन्द्र जी, मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा), सतेंद्र चौधरी, अनिल गोयल, लज्जारानी अठावाल्, अल्लानूर खा, अमित पंजाबी, गजेंद्र सोलंकी, ज्योती सहारिया, राजीव सहारिया, रमन डागुर, मोहन अग्रवाल्, गनेश कोली, जुगल चतुर्वेदी, विजय पानडे एवम सेंकडो सम्माननीय भाजपा कार्य कर्ता उपस्थित थे। तत्पश्चात सभी भाजपा कार्य कर्ता प्रसिध्द टीका कुंड हनुमान मन्दिर गए, जहाँ सभी ने साफ सफाई कर श्रमदान किया, और हनुमान जी के दर्शन कर सभी आमजनों/कार्यकर्ताओ की कुशलता की कामना कर प्रसादी वितरित की।

### विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर्व को भक्तजनों द्वारा धार्मिक आस्था एवं परंपरागत रीति रिवाज से मनाया गया। मंदिरों में हनुमान जी की प्रतिमा पर सुबह अभिषेक पूजन सुन्दर कांड हनुमान चालीसा के कार्यक्रम आयोजित किए जा गए। वहीं ंदिरों में भव्य फूल बंगला झांकी के साथ आकर्षक सजावट भी की गई।आज लक्ष्मण मंदिर स्थित प्राचीन विजय हनुमान मंदिर में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर महंत मुनेंद्र दास ने बताया कि विख्यात विजय हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। सुंदरकांड के भक्तिमय पाठ पर महिलाओं एवं भक्तजनों ने धार्मिक भजनों पर नृत्य भी किए जिसमें महिलाओं ने जमकर नृत्य कर हनुमान जी की जय जय कार की। सुंदरकांड पाठ के शुभारंभ पर पंडित मुनेंद्र दास एवं विजय हनुमान मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सुंदरकांड का वाचन करने वाले सदस्यों मनोज शर्मा देवदत्त शर्मा एवं भक्तजनों का स्वागत किया। यह कार्यक्रम मंदिर महल महंत मुनेंद्र दास के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पियूष बंसल ओमप्रकाश अठावाल अभिषेक गुप्ता प्रशांत उपमन राजेंद्र रवीश बंसल सुमन अंकुर गोयल चंद्र प्रकाश सिंगल जीतू सिंगल पियूष शर्मा मोहन सिंगल पंडित दीपेश धीरज सोनी प्रेम गोयल सुभाष जिंदल सहित मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अलावा वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र शर्मा जती सुमन शर्मा पूर्व सहायक निदेशक शिवदत्त उपाध्याय मंजू ममता शर्मा लखविंद्र पीयूष मंजू शर्मा अशोक लवानिया सहित अनेक प्रमुख भक्तजन मौजूद रहे। । सुबह हनुमान जी की अभिषेक पूजा अर्चना की गई।। विशेष पूजा अर्चना के साथ महाआरती की गई एवम् प्रसादी वितरित की गई।

### ऋषभ बंसल की इलाज के दौरान मौत

**भरतपुर**, (निसं)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में मकान विवाद को लेकर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बीजेपी मुखर्जी मंडल अध्यक्ष ऋषभ बंसल की जयपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। 40 वर्षीय ऋषभ बंसल को 6 अप्रैल को पुरोहित मोहल्ला स्थित एक मकान में साफ-सफाई के दौरान कुछ लोगों ने निशाना बनाया था। हमलावरों ने तीसरी मंजिल से उनके सिर पर पत्थर फेंका, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। परिजनों के अनुसार, घटना के दिन ऋषभ बंसल अपने भतीजे गौरव बंसल, सौरभ बंसल और अन्य लोगों के साथ हाल ही में खरीदे गए मकान की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान नरेश चौधरी, राजकुमार चौधरी, गप्पू चौधरी, विकास चौधरी और गीता चौधरी लाठी, सरिए और डंडों के साथ वहां पहुंचे और हमला कर दिया। आरोपियों ने मकान खरीदने को लेकर नाराजगी जताते हुए मारपीट शुरू कर दी। हमले के दौरान नरेश चौधरी ने तीसरी मंजिल से ऋषभ के ऊपर भारी पत्थर फेंका, जिससे उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई और सिर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्हें भरतपुर के आरबीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर किया गया। सीके बिरला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था, लेकिन रविवार सुबह करीब 7 बजे उनकी मौत हो गई। कोतवाली थाना प्रभारी विनोद मीणा ने बताया कि मामले में पहले ही नरेश चौधरी को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने घटना वाले मकान को सीज कर दिया है और मृतक के शव का पोस्टमार्टम जयपुर में ही कराया जा रहा है।

### लोकगीत ने किया मंत्रमुग्ध

**भरतपुर**, (निसं)। नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज गायक नवल डांगी ने लोकगीत डिग्गीपुरी का राजा की ऐसी छटा बिखेरी की राजस्थान की माटी की खुशबू ने लोकगीत की संस्कृति को पेश किया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि गायक कलाकार नवल डांगी में राजस्थान के लोक देवता डिग्गी कल्याण का सुप्रसिद्ध लोकगीत बाजे छे नौबत बाजा म्हारा डिग्गी पुरी का राजा को इतने सुरीले अंदाज में पेश किया कि लोग मस्ती से झूम उठ। ज्ञात रहे की डिग्गी कल्याण की अनन्य भक्त जमुना दासी ने इस गाने की रचना की और इसे स्वरबद्ध किया जो लोगों के दिलों दिमाग पर आज भी छाया हुआ है जब लोग लोकगीत डिग्गीपुरी का राजा बाजे छे नौबत बाजा सुनते हैं तो डिग्गी कल्याण का जयकारा निकलता ही निकलता है। इनके साथ तबले पर नीरज चौहान, हारमोनियम पर हार्दिक थारुका, गिटार पर अंकेश खटाणा और मजीरे पर गिरधारी लाल ने शानदार संगतकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू और जिवितेश, संगीत जितेन्द्र शर्मा का रहा।

### मिट्टी का टीला धंसने से दो की मौत

**भरतपुर**, (निसं)। वैर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बबेखर में पहाड़ के ऊपर से अचानक मिट्टी का टीला धंस जाने के कारण हुए हादसे में महिपाल एवं अशोक कुमार की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने गांव पहुंचकर दोनों शोकाकुल परिवारों को ढांढस बँधाया व सांत्वना प्रदान की। विधायक डॉ शैलेष सिंह ने शोकाकुल परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से अधिक से अधिक मदद दिलवाये जाने का आश्वासन दिया। साथ में भाजपा भुसावर ठाामीण मंडल अध्यक्ष हरवीर सिंह, वैर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष शिव सिंह , कुम्हेर नगरपालिका चेयरमैन राजीव सिंघल , कुम्हेर शहर मंडल अध्यक्ष प्रशांत , आजऊ पाहुआ मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह , सरपंच सुमन सिकरवार, राजू पथैना, कैप्टन लक्ष्मण सिंह सहित ठाामवासी मौजूद रहे।

### आकाशीय बिजली गिरने से पट्टियां टूटी

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। उपखंड भुसावर के खेरली मोड़ थाना अंतर्गत आने वाले गांव मालाहेडा में शुक्रवार एक मकान मालिक के बरामदे की 12 पट्टियां अचानक टूटकर गिर पड़ी। गांव मालाहेडा के ठाामीण आशीष चौधरी एडवोकेट ने बताया कि मेरे घर के बगल में चंदन सिंह जाट का मकान बना हुआ है। पड़ोसियों के बच्चे मकान की छत पर खेल रहे थे। अचानक थोड़ी देर बाद आकाशीय बिजली के गिरने से चन्दन सिंह जाट के बरामदे की 12 पट्टियां टूट कर गिर गई। वो तो गनीमत यह रही कि उस समय बरामदे में कोई भी मौजूद नहीं था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### शोभा यात्रा का किया स्वागत

**भरतपुर**, (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की जिला शाखा, नगर इकाई, युवा एवं महिला शाखा द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभा यात्रा का बिजलीघर पर भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर सभी वैश्य इकाई मंडल की ओर से पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया और हनुमान जी की महाआरती की गई। स्वागत में शामिल थे अनिल अठावाल पेंसिलवाल, अतुल मशगूल जिला अठावाल महासभा, सुमनेश गुप्ता जिला अंर्तराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, सत्यव्रत आर्य अध्यक्ष शहर, मनीषा गर्ग युवा पेंसिलवाल, सीमा मंगल महिला पेंसिलवाल, शोभा कंसल जिला छात्र, फ्लिपकार्ट खंडेलवाल, विनोद मंगल, राकेश जैन, लवली जैन, सीमा अठावाल आदि शामिल थे।

# सांसद जाटव ने डॉ अंबेडकर की मूर्ति का किया अनावरण

**सूरौठ**, (निसं)। गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे सूरौठ बस स्टेंड पर अम्बेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर कि मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जाटव समाज के पंच पटेलों ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करौली धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव रहे, व विशिष्ट अतिथि हिंडौन विधानसभा क्षेत्र कि पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, पूर्व प्रधान इंदु जाटव, हिंडौन वर्तमान चैयरमेन बृजेश कुमार जाटव, व कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा व राजीत अमरसिंह व रामचरण खुरसपुरा, रहे कार्यक्रम कि अध्यक्षता हिंडौन विधायक अनीता जाटव के द्वारा कि गई

■ **सांसद जाटव ने सांसद कोटे से 10 लाख रुपए की लागत से लाईब्रेरी निर्माण करवाने की घोषणा की**

जिसमें पधारे हुए सभी अतिथि गणों का जाटव समाज के , पंच पटेल जीवन ,करण, मोहर सिंह ठेकेदार ,धर्मसिंह सरस ,महेश

करई, मधुबन, पदम उदय सिंह, धर्मसिंह, सुगन ठेकेदार,रामसिंह करूं ,रामसिंह गुरूदेव ,रामदयाल, राहुल मोहरसिंह, व मोहरसिंह बंशीवाल व प्रेम



डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

पटेल के द्वारा माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया, सभी अतिथि गणों ने अपने अपने भाषण में शिक्षा पर जोर देने कि बात कह। इस मौके पर जाटव समाज के लोगों ने हिंडौन पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव का सूरौठ तहसील कों नगरपालिका बनायें जाने कों लेंकर जताया आभार व साथ ही साथ सूरौठ कों पंचायत समिति बनवाने कि मांग, कार्यक्रम का मंच संचालन कांग्रेस जिला महासचिव पुरूषोत्तम बंशीवाल, व भाजपा सदस्य व जाटव सुधार समिति के तहसील अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार जाटव के द्वारा किया गया, साथ ही साथ करौली-धौलपुर सांसद जाटव ने अपने सांसद कोटे से 10 लाख रुपए कि लागत से लाईब्रेरी निर्माण करवाने की घोषणा कि सभी उपस्थित लोगों ने तालियों कि गड़गड़ाहट के साथ स्वागत सम्मान किया गया इस मौके पर देवस्थान विभाग के सदस्य राजीव शुक्ला व भाजपा पूर्व युवा जिलाध्यक्ष भोलेशंकर शर्मा, महिला कांठोस कमेटी कि पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजयवाला शर्मा,जिला कार्यसमिति सदस्य अमरसिंह मीना देहात ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह मावई,मोहर सिंह सैनी पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज, वेदप्रकाश शर्मा, दिनेश जाटव , गुरू दत्त सरस बत्तू मेम्बर, श्यामसुंदर सैनी, सुरेश चंद्र , रीतेश जगरिया योगेश जाटव,सहित सर्वसमाज कई लोग रहें उपस्थित।

# हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**मेहंदीपुर बालाजी**, (निसं)। विश्व विख्यात आस्थाधाम मेहंदीपुर बालाजी में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।महंत डॉ नरेशपुरी महाराज के सानिध्य में पंडितों के मंत्रच्चोराण के साथ श्री बालाजी महाराज की स्वयंभू प्रतिमा का 13 सौ 51 किलो पंचामृत से अभिषेक करवाया गया।वहीं बालाजी महाराज को सोने का चोला चढ़ाया गया । पंडितों ने महाबली का अलौकिक श्रृंगार कर बालरूप में बालाजी सवा सात बजे महाआरती की शुरुआत के साथ संपूर्ण मंदिर प्रांगण घंट-घड़ियालों की आवाज से गुंजायमान हो उठा ।



बालाजी महाराज की स्वयंभू प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक करवाया

महाराज ने आरती जल के पवित्र छींटे मंगला आरती शामिल दर्शनार्थियों का दीये मंगला आरती से दोपहर तक ड्रोन और हैलिकॉप्टर से भक्तों पर पुष्प वर्षों की गयी। वही 10 हज़ार ग़ुब्बारों के प्रदर्शन बाद जन्मोत्सव के बाद आसमान में उडाये गय। इस अद्भुत नज़ारे से सम्पूर्ण बालाजी धाम बजरंगमयी दिखाई दिया ।महाआरती के बाद भक्तों ने कतारबद्ध होकर बालाजी महाराज के दर्शन कर भोग प्रसाद चढ़ा कर परिवार ख़ुशहाली की मान्यता माँगी ।वहीं ट्रस्ट द्वारा पंचामृत, लड्डू और राजभोग की प्रसादी दर्शनार्थियों को वितरण की गयी ।

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बालाजी भगवान को 51 सवामणी 51 मण यानी 2040 किलो लड्डुओं, मेवा मिष्ठान, फलों का भोग लगाया गया।वही बालाजी, सीताराम दरबार, राधाकृष्ण भगवान को छप्पनभोग की महाप्रसादी का भोग लगाया गया।वहीं अलसुबह से ही मंदिर प्रांगण में शहनाई वादकों के मंगल गीत, बैंड-बाजों की धुन और भजन कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु अपने आराध्य देव बालाजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भक्ति में मगन होकर नाचते गाते नज़र आये ।

महंत नरेशपुरी महाराज के निर्देशन में हनुमान जन्मोत्सव के ख़ास मौक़े पर 2 हाथी, 4 घोडे भी मंदिर परिसर मौजूद रहे वही कारीगरों द्वारा मंदिर प्रांगण व गर्भगृह को अति भव्य स्वरूप प्रदान किया । मंदिर दोनों ओर बड़े बडे भव्य तोरण द्वारा बनाये गये है । मंदिर के बाहरी आवरण पर रंग बिरंगी थ्रीडी लाइटिंग, पर्दे सहित मंदिर के मैन द्वार को महलनुमा बनाया गया है जो भक्तों को बेहद आकर्षित कर रहा है । वही मंदिर के भीतरी भाग मे फूल, बेलपत्ती, झूमर, हनुमान जी बाल लीलाओ की कई झाकियां सजाई गयी है वहीं मंदिर परिसर के मुख्य मार्ग मे 300 मीटर दायरे में सुन्दर गैलरी बनायी गयी जिसमें लाईटिग, झूमर, सहित रंगीन पर्दे

महंत डॉ नरेशपुरी महाराज ने दर्शनार्थियों और देशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएँ दी ।वही महाराज ने बताया कि बालाजी महाराज से देश प्रदेश में सुख समृद्धि और शांति की प्रार्थना की है । उन्होंने बताया कि श्री बालाजी महाराज भगवान शंकर के ग्यारहवें रुद्र अवतार हैं और श्री राम के परम भक्त है और कलयुग के जाठात देव हैं ।महाराज ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी धाम में हनुमान जी साक्षात बालरूप में विराजमान हैं ।

हनुमान जन्मोत्सव के दौरान मंदिर प्रबन्ध की ओर दर्शनार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त रहे । जिसमे 11 शीतल जल प्याऊ, अस्थाई शौचालय, साफ़ सफ़ाई, 24 घंटे दो लाइफ स्पोर्ट एंबुलेंस, मेडिकल टीम, अग्निशमन गाड़ी, आपातकालीन गेट सहित यात्रियों की सुरक्षा को लेकर मंदिर प्रबंधन की ओर से 250 महिला पुरूष अतिरिक्त गार्डों की तैनाती गयी है ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में रही रौनक

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के गांवों में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में धार्मिक कार्यऋमों की शुरुआत हुई। बालाजी मंदिरों में पंचामृत अभिषेक के साथ चोला चढाया गया। बालाजी महाराज का विशेष श्रृंगार कर नई पोशाक पहनाई गई। शहर के प्रमुख मंदिरों में चौक बालाजी, सीताराम जी मंदिर, पंचायत समिति स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, चमत्कारी हनुमान जी मंदिर और उघाड मल बालाजी मंदिर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी मंदिरों में विशेष साफ-सफाई की गई। सुबह से ही दर्शनो के लिए भक्तों की भीड उमड पडी। दशहरा मैदान स्थित महीदास बालाजी मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों के साथ निकली यात्रा में बालाजी महाराज की आकर्षक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। शोभायात्रा नहर रोड, फव्वारा चौक, कलेक्ट्रेट, कोतवाली थाना, देवी स्टोर चौराहा, चौपड और कैलाश टॉकीज होते हुए दशहरा मैदान वापस पहुंची। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया और जयकारे लगाए। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई और जलपान की व्यवस्था की गई। दिनभर मंदिरों में भक्तों ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। देर शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। वहीं चौक वाले बालाजी पर फूल बंगला झांकी एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई।

# भगवान महावीर के जयकारों के साथ आज निकलेगी रथयात्रा

**श्रीमहावीरजी/हिण्डौन सिटी**, (निसं)। पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में सोमवार 7 अप्रैल से शुरू हुए आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले में रविवार, 13 अप्रैल को मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी। रथयात्रा को मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी जैन ध्वज दिखाकर मंदिर प्रांगण से रवाना करेगी।

रथयात्रा गम्भीर नदी के तट पर जायेगी जहां भगवान महावीर के पंचामृत कलशाभिषेक होगें। इससे पूर्व शनिवार को मेले में सामूहिक पूजा, मेला निरीक्षण, सामूहिक आरती, शास्त्र प्रवचन, सांस्कृतिक संध्या एवं राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के आयोजन किये गये। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि शनिवार को प्रात: श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से चरण चिन्ह छत्री पर तथा दोपहर में कटला पश्चिमी पाण्डाल में सामूहिक पूजन की गई। प्रचार प्रसार मुख्य संयोजक सुरेश सबलावत के अनुसार अपरान्ह 4.00 बजे उप जिला कलेक्टर एवं प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सुधांशु कासलीवाल द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया। मार्ग में जगह जगह स्वागत व सम्मान किया गया। सायकांल कटला प्रांगण में भगवान महावीर की संगीतमय आरती की गई। तत्पश्चात शास्त्र प्रवचन में धर्म के सिद्धांत समझाये गये। रात्रि में कटले के पूर्वी पाण्डाल में महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा सांस्कृतिक संध्या हुई जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों की भव्य प्रस्तुति दी गई।

कोषाध्यक्ष एवं कवि सम्मेलन मुख्य संयोजक विवेक काला ने बताया कि रात्रि में सांस्कृतिक मंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन हुआ जिसमें कवियों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कविता पाठ किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन, संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी, प्रदीप कुमार जैन,कोषाध्यक्ष विवेक काला, अनिल पाटनी दीवान, रुपिन काला, सुरेश सबलावत, भारत भूषण जैन, विनोद जैन कोटखावदा, महेश काला, अशोक जैन नेता,भानू छाबड़ा, योगेश टोडरका, प्रदीप ठोलिया, पं. मुकेश जैन शास्त्री, नेमी कुमार पाटनी, विकास पाटनी, राकेश गोदिका शाबाश इंडिया सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद् मंत्री सुभाष चन्द जैन के मुताबिक रविवार 13 अप्रैल को प्रात: खडगासन चौबीसी के अभिषेक होगें। दोपहर में 2 बजे मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी जो नदी तट पर जावेगी जहां श्री जी के कलशाभिषेक होगें। तत्पश्चात रथयात्रा वापस मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। इस प्रसिद्ध रथयात्रा में साम्प्रदायिक सौहार्द दर्शाते हुए जैन, अजैन, मीणा, गुर्जर सहित सभी जाति धर्मों के श्रद्धालु गण बडी संख्या में शामिल होंगे। तत्पश्चात सायंकाल 5.00 बजे नदी तट पर घुडदौड, ऊंट दौड के आयोजन होगें।

14 अप्रैल को नदी तट पर ग्रामीण खेलकूद एवं कुश्ती-दंगल के बाद मेले का समापन होगा। । मेले में जैन अजैन सभी लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होंगे। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री सुभाष चन्द जैन ने बताया कि मेले में जैन अजैन सभी लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होगें। गम्भीर नदी में मेले के लिए पाचना बांध से पानी छोड दिया गया है। प्रतिवर्ष यहाँ महावीर जयंती के पावन अवसर पर आठ दिवसीय लक्खी मेला भरता है जिसमे देश विदेश के जैन समाज के श्रद्धालु एवं सभी समाज व वर्ग के भक्त गण मेले में साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ भागीदारी निभाकर अपनी श्रद्धा भक्ति प्रदर्शित करते हैं वैशाख वदी एकम 13 अप्रेल 2025 को भगवान महावीर की विशाल रथयात्रा दोपहर 2:30 बजे मुख्य मन्दिर के कटला परिसर से विशाल जन समूह के साथ गंभीर नदी के तट पर पहुँचेगी वहाँ भगवान महावीर स्वामी की जिन प्रतिमा जी का जैन विधि अनुसार मंत्रोच्चार पूर्वक अभिषेक किया जाएगा उसके पश्चात रथयात्रा वापिस मन्दिर में आकर सम्पन्न होगी। ठाामीण क्षेत्रों से आये हुए रुझान को देखते हुए समिति की तरफ से निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था की पहल की गयी है। जयपुर क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र रेनवाल फागी, सांगानेर, शिवदासपुरा, चाकसू, टोंक, दौसा, निवारु, मकराना, दाँतारामगढ, मौजमाबाद, दूदू, सीकर, झोटवाडा आदि स्थानों से निशुल्क बस व्यवस्था के माध्यम से हजारों जन इस विशाल शोभा यात्रा के दर्शन कर पाएंगे। समिति के इस प्रयास को समाज द्वारा सराहा जा रहा है। श्री महावीर जी दिगम्बर जैन मंदिर के गगनचुम्बी धवल शिखर एवं स्वर्ण कलशों पर फहराती जैन धर्म की ध्वजाएं सम्यक दर्शन, ज्ञान व चारित्र का संदेश और अनुपालना की प्रेरणा दे रही है। मंदिर की पार्श्व वेदी में मूलनायक के रूप में भगवान महावीर की मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। मूलनायक के दोनों ओर तीर्थंकर आदिनाथ स्वामी एवं पुष्पदंत स्वामी की प्रतिमाएं हैं। अन्य कलापूर्ण वेदियों में अनेक तीर्थंकरों की पाषाण एवं धातु की दिगम्बर प्रतिमाएं विराजमान है। मंदिर में क्षेत्रपाल भी विराजमान हैं। यहां शनै-शनै मंदिर का विकास-विस्तार होता गया जो अब भी निरन्तर है। मंदिर के भीतरी और बाहरी प्रकोष्ठों में संगमरमरी दीवारों पर बारीक खुदाई से तथा भित्ति चित्रांकण से मंदिर की छटा को आकर्षक व प्रभावकारी बनाया गया है। चित्रांकनों में दिगम्बर जैन शैली के स्वर्णिम तेल चित्र भी हैं।

## सार-समाचार

### नियमितीकरण की मांग

**करौली**, (निसं)। राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार के नेतृत्व में दर्जनों कर्मचारियों ने उपहार देकर अभिनंदन करते हुए प्रदेश में वर्षों से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे संविदा,निविदा,प्लेसमेंट कार्मिकों का दुखड़ा सुनाकर नियमितीकरण की मांग की। करौली जिले के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च, जिला संरक्षक पहलाद मीणा, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम, जिला प्रवक्ता चेतराम मीणा, उपशाखाओ के अध्यक्ष, मंत्री, हिण्डौन से उमेश सिंह डागुर, अमर सिंह मीणा, करौली से बाबूलाल मीणा, राममूर्ति शर्मा, मासलपुर से प्रेम सिंह, सपोटरा से हंसराज एकट, देवी सिंह बैरवा, मण्डरायल से काशीराम मीना, रामकुमार नंदवानीया ने बताया कि प्रदेश में संविदा,निविदा एवं प्लेसमेंट पर लाखों कार्मिक कार्यरत है जिन्हे नियमित नियुक्ति नहीं मिली है। उन्होंने एवं श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम मजदूरी से भी बहुत कम मानदेय पर काम करने वाले कुक कम हेल्पर, स्कूलों में मिड डे मील का भोजन पकाने का पवित्र एवं पुनीत कार्य कर रही है। इन महिलाओं को मात्र 2143 रुपए मासिक मानदेय मिलता है ,जिससे उनका घर चलना अत्यंत मुश्किल कार्य है। उन्होंने अवगत करवाया कि राज्य सरकार के बजट घोषणा के बिंदु संख्या 95 के अनुसार प्लेसमेंट एजेंसी एवं ठेका पर कार्य करने वाले मानदेय कर्मियों के लिए सरकार द्वारा कार्मिक विभाग अंतर्गत एजेंसी का गठन कर नियोजित करने का प्रावधान तत्काल लागू करते हुए उन्हें संविदा सेवा नियम 2022 में अडॉप्ट कर नियमित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में संविदा सेवा नियम 2022 अंतर्गत अडॉप्ट किए गए संविदा कार्मिकों के लिए एसओपी जारी हो चुकी है किंतु उसका क्रियान्वयन नहीं होने से कार्यरत संविदा कर्मियों का नियमितीकरण रुका हुआ है। अत: तत्काल ही कार्यवाही कर नियमितीकरण का लाभ देने की मांग की गई इस अवसर पर दर्जनों कार्मिक मौजूद थे।

### पूर्णमासी पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**कैलादेवी/करौली**, (निसं)। कैलादेवी मेले के अंतिम दिन पूर्णमासी के अवसर पर माता रानी के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड पड़ी दिन भर में करीब तीन लाख से अधिक भक्तों ने माता रानी के दर्शन लाभ लिए। उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल आस्था धाम कैलादेवी में चल रहे 17 दिवसीय मेले के अंतिम दिन पूर्णमासी के अवसर पर शनिवार को मां भक्तों की भीड उमड पड़ी चारों तरफ मैया के जयकारे गूंजते रहे भक्तों ने प्रात: कालीसिल नदी में स्नान कर हाथ में पूजा कि थाली लिए माथे पर लाल चुनरिया बांधे भक्त मैया के गुणगान करते हुए मंदिर पहुंचे जहां लंबी-लंबी कतारो में लगकर माता कि चैखट पर पहुंच कर माथा टेक अपने परिवार की खुशहाली की मनौती मांगी भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन के अधिकारी भी मुस्तेद नजर आए रेलिंग में भक्तों के लिए निशुल्क पानी की बोतल वितरण कि गई वहीं गर्मी से बचाव के लिए कूलर और पंखे लगाकर यात्रियों कि थकान मिटाने के लिए केवड़ा गंगाजल का रेलिंग में छिडकाव वाली मशीन चालू कर दी गई जिससे भक्तों ने राहत कि सांस ली देर रात तक मंदिर में भक्तों कि माता रानी के दर्शनों के लिए कतारे लगी रही कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष सिंह ने बताया कि औपचारिक रूप से पूर्णमासी पर मिला समाप्त हो गया लेकिन अभी भी दर्शनार्थियों की संख्या में कोई कमी नहीं आ रही है आज रविवार को अवकाश होने और 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती का अवकाश होने के कारण भक्तों कि भीड़ में वृद्धि हो सकती है हालांकि मंदिर ट्रस्ट की व्यवस्थाएं यथावत बनी रहेगी ताकि माता रानी के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं को किसी भी परिस्थिति में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

### धूमधाम के साथ मनाई हनुमान जयंती

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को भक्तों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर चैपाइयों की गूंज रही वही भगवान को छप्पन भोग लगाए गए।शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर करौली शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों पर आकर्षक सजावट कर हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर चोला चढ़ाया गया जगह जगह हनुमान जी कि चैपाइयों के साथ मंदिरों में दर्शनों के लिए भक्तों कि भीड़ रही मंदिरों पर जय श्री राम बजरंगबली कि जय की जय जयकार होते रहे कई मंदिरों पर आकर्षक फूल बंगला और 56 भोग कि झांकी सजाई गई इसके अलावा अतेवा स्थित सिद्ध हनुमान प्रेतराज धाम मठ वाली देवी पर रामदूत संकटमोचन हनुमान जी का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। भागवत आचार्य पण्डित गोपेश्वर शास्त्री,दिनेश शास्त्री, वीरेंद्र शास्त्री के सानिध्य में यजमानो के द्वारा महावीर अंजनी सुत का दुग्ध धारा के साथ अभिषेक पंचामृत स्नान एव चमेली तेल पूजन किया गया।भक्तो के द्वारा हनुमानजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष सजावट श्रंगार एव हनुमानगढ़ी से लाई गई पोशाक से श्रंगार किया इस अबसर पर भक्तो की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ी पूरे दिन महाप्रसाद के साथ आरती पूजन चलता रहा। प्रमुख रूप से यजमान प्रदीप शर्मा,राजू जोगी, गोपाल नाथ,रामनिवास गुर्जर, कैलाश जिंदल, बासुदेव गुप्ता, ममता जिंदल, मोना गुप्ता, अबधेश तिवाड़ी, लक्ष्मीकांत मुदगल सहित सेकड़ो भक्तो ने पूजन अभिषेक कर बजरंगवली से अमन चैन सम्रद्धि, खुशहाली कि प्रार्थना कि।

### सुन्दरकाण्ड पाठ किया

**भरतपुर**, (निसं)। प्राचीन श्री हनुमान मंदिर नागा साधु आश्रम भूरीसिंह बगीची भरतपुर स्थित श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आज प्रात: मंदिर के संचालक चुन्नी कप्तान व अन्य भक्तों ने हनुमान जी की मूर्ति पर चोला चढ़ाकर फूल मालाओं का श्रृंगार कर सुन्दर काण्ड पाठ व हनुमान चालीसा का पाइ किया गया व प्रसाद के रूप में गुड़, चना, केला, बूंदी के लड्डुओं का व चूरमा का वितरण किया गया। चुन्नी कप्तान ने बताया कि सरकारी रिकॉर्ड में 01 बीघा 02 विस्वा श्री हनुमान मंदिर इन्द्राज है, यहां अखाड़ा, जम हाउस, साधु आश्रम व सैंकडों वृक्ष लगे हुए हैं, इनकी देखभाल सन् 1964 से मैं स्वयं कर रहा हूॅं।, परन्तु यहां का तालाब गत कई वर्शों से पानी दूशित भरा हुआ है, जिससे मच्छरों का प्रकोप है। प्रषासन से, मुख्यमंत्री से आग्रह किया है, इसके सौन्दर्यीकरण हेतु यह स्थान महाराजा जसवंत सिंह के जमाने का है। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में रामेष्वर षर्मा, वैद्य ष्याम सिंह, राजेष गोयल, जुगल वषिश्ठ, रमेष सतीजा, ओप्रकाष ठाकुर, अर्जुन मलाह, सत्यनारायण पंडित, सुन्दर, उमेष, भूपेन्द्र, सोम सिंह कुषवाहा आदि मौजदू रहे। संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के 134वें जन्मदिवस 14 अप्रेल को षहर व जिला कांग्रेस भरतपुर द्वारा प्रात: 8.30 बजे मिनी सचिवालय के सामने पटपरा मौहल्ला स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया जावेगा। गोश्ठी के माध्यम से यह जानकारी जिला कांग्रेस के वरिश्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान ने दी।

### ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। गंगापुर सिटी-करौली हाईवे पर शनिवार को बाढ सलेमपुर गांव के पास हुए सडक हादसे में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार पदम सिंह राजपूत (55) घायल हो गए। जानकारी में आया है कि पदम सिंह अपने गांव बाढ सलेमपुर से गंगापुरसिटी जा रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल को एम्बुलेंस से गंगापुरसिटी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार पदम सिंह के हाथ, पैर और सिर में चोटें आई हैं उनका इलाज जारी है।

### मिथलेश गोयल बनी मण्डल अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। श्री श्याम परिवार सेवा समिति महिला मंडल की जनरल मीटिंग खंडेलवाल धर्मशाला में रखी गई जिसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों और कार्यकारणी का चुनाव किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता रेखा गुप्ता ने की। चुनाव अधिकारी जगदीश हेमनानी एवं सुमन दुसाद ने बताया अध्यक्ष पद पर मिथिलेश गोयल, उपाध्यक्ष पद पर राधा जोशी, मंत्री पद पर मंजू पितालिया, कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी अग्रवाल, सह मंत्री पद पर वंदना गुप्ता को निर्विरोध चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में अनीता दुसाद, रेखा अग्रवाल, मधु अग्रवाल, सुमन दुसाद, कौशल्या बिडला, सरोज मोदी, माया गुप्ता, रिंकल गुप्ता, प्रेम कालरा, अंजू स्वासतिक, संजना मित्तल, मंजू सिंघल, पुष्पा गुप्ता, ममता खंडेलवाल, विजय लक्ष्मी गुप्ता, अनुराधा गर्ग, बबीता सिंघल, प्रियंका गर्ग, विजय लक्ष्मी धोलेटा को चुना गया। मीटिंग में शाम परिवार पुरुष मंडल से अध्यक्ष नंद किशोर धौलेटा, अरविंद कुमार गोयल, महामंत्री राजेश टेंट वाले, उपाध्यक्ष विनीत खंडेलवाल, राजेंद्र मोदी आदि उपस्थित रहे। नई पदाधिकारियों को कार्यकारिणी सहित सभी महिलाओं ने माला पहनाकर सम्मान करते हुए बधाई दी।